तापमान
अधिकतम 28 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

11 राष्ट्रीय एकता व अखंडता की रक्षा, जागरण मंच का मौलिक दायित्वः डॉ कमल गुप्ता


12 करोड़ों खर्च के बाद भी हांसी को नहीं मिल पा रही जल भराव से निजात



पानी से लबालब नागरिक अस्पताल परिसर।


नहर में तब्दील आटो मार्केट रोड।


आटो मार्केट रोड पर जलभराव में फंसे स्कूटी सवार।


मोहल्ला सैनियान में जलभराव के बीच से निकलता युवक।


सिटी थाना एरिया के पास बारिश के बाद गिरी बिल्डिंग।


कैंप चौक ओवरब्रिज पर जलभराव के कारण पलटी ईरिक्शा।


कप्तान स्कूल रोड पर जलभराव में डुबकी लगाती भैंस।

# बरसाती पानी निकासी पर करोड़ों खर्च के बावजूद शहर पानी-पानी

## 75 एमएम बारिश में ही हिसार में बाढ़ जैसे हालात, शहर के पॉश एरिया समेत निचले इलाकों में भारी जलभराव, कई कॉलोनियों में घरों और दुकानों में घुसा पानी

### सिटी थाने के पास के एरिया में 150 वर्ष पुरानी इमारत गिरी जलभराव से परेशान लोगों ने प्रशासन को कोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर कई पॉश एरिया सहित निचले इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। शहर की दर्जनों कॉलोनियों बरसाती पानी की निकासी के अभाव में झील में बदली नजर आई। बरसाती पानी की निकासी को लेकर प्रशासन की आधी-अधूरी तैयारी ने लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया। यहां तक कि अधिकारियों के आवासों तथा सरकारी कार्यालयों में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। नागरिक अस्पताल परिसर पानी से लबालब दिखाई दिया वहीं विधायक सावित्री जिंदल के आवास के बाहर दिल्ली रोड नहर में तब्दील हो गया।

बरसाती पानी निकासी के कार्यों पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद गुरुवार को शहर पानी-पानी हो गया। उधर, रावलवास खुर्द के पास चौधरी माइनर में दरार आने से कई एकड़ में खड़ी फसल जलमग्न हो गई। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी व ग्रामीण मौके पर पहुंचकर देर शाम तक दरार पाटने के कार्य में लगे हुए थे। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को 75.1 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। बारिश से न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को हिसार का न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम के साथ अधिकतम तापमान ने भी गोता लगा दिया। बुधवार को अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस था जो गुरुवार को 28 डिग्री पर पहुंच गया।


हिसार। जिंदल हाउस के सामने मुख्य रोड पर हिलोरे लेता बरसाती पानी।

### इन इलाकों में जलभराव

गुरुवार की अलसुबह से हो रही मानसून की अच्छी बारिश के चलते पुराने शहर एरिया में लगभग अधिकतर रिहायशी इलाकों जलमग्न थे। खासकर ऋषिनगर, न्यू ऋषि नगर, जगजीवन नगर, डोगरान मोहल्ला, कुम्हारान मोहल्ला, विजय नगर, ज्योतिपुरा मोहल्ला, सैनियान मोहल्ला, आटो मार्केट रोड, मिलगेट रोड, 12 क्वार्टर रोड, शांतिनगर, राजीव नगर, बड़वाली ढाणी, महाबीर कॉलोनी, न्यू महाबीर कॉलोनी, सूर्य नगर, शिव नगर, शिव कॉलोनी, कृष्णा नगर, जयदेव ढाणी, छोटूराम कॉलोनी, लाजपत नगर, जवाहर नगर, अर्बन एस्टेट, मॉडल टाउन, बैंक कॉलोनी, पटेल नगर, दिल्ली रोड, आजाद नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 15 सहित कई क्षेत्र बरसाती पानी से लबालब थे। शहरवासी अपने घरों में घुसे पानी को निकालने की जद्दोजहद करते देखे गए। हालात यह थी कि बारिश रूकने के दो-तीन घंटे बाद भी शहर के मुख्य सड़कें पानी से लबालब थी। कई एरिया में तो देर शाम तक जलभराव की स्थिति बनी रही।

### अभी एक्टिव रहेगा मॉनसून

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा अब श्री गंगानगर, रोहतक, बांदा, सीधी, रांची, डायमंड हार्बर से उत्तरपूर्व बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। अब यह मानसून टर्फ रेखा उत्तर की तरफ बने रहने की संभावना है जिससे नमी वाली मानसूनी हवाएं बंगाल की खाड़ी से लगातार आने की संभावना से हरियाणा राज्य में मानसून अगस्त के प्रथम सप्ताह में भी एक्टिव बने रहने की संभावना है। इससे राज्य के सभी क्षेत्रों में पांच अगस्त तक बारिश की गतिविधियों जारी रहने की संभावना है। इस दौरान बीच बीच में अरबसागर की तरफ से भी नमी वाली हवाएं भी आने की संभावना से पश्चिमी हरियाणा के जिलों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है परंतु उत्तर क्षेत्र के जिलों में कहीं कहीं मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। इस दौरान वातावरण में नमी बढ़ने तथा दिन के तापमान में गिरावट बने रहने की संभावना है।

### 150 साल पुरानी इमारत ढही

शहर पुलिस थाना के नजदीक स्थित सूतर खाना के पास बारिश से एक इमारत ढह गई। इमारत लगभग 150 साल पुरानी बताई जा रही है। घटना सुबह लगभग साढ़े 10 बजे की है। गनीमत यह रही कि किसी जानमाल की हानि नहीं हुई। मलबे के नीचे दबने से एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि स्कूटी सवार थोड़ी देर पहले ही वहां स्कूटी खड़ी कर के गए थे कि थोड़ी ही देर में इमारत का मलबा स्कूटी पर आ गिरा। इमारत के आसपास के लोगों ने आरोप लगाया कि बिल्डिंग मालिक को बार-बार कहने पर भी इसे ठीक नहीं करवाया जा रहा है। लोगों ने कहा कि वे नगर निगम व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को इमारत की जर्जर हालात के बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### सब्जियों को नुकसान

*बारिश से जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी, वहीं अधिकांश फसलों के लिए इस बारिश को फायदेमंद माना जाता है। ज्यादा बारिश से कुछ सब्जियों की फसलों में नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है। बारिश के कारण सब्जियों के दामों में तेजी आने के आसार हैं।*

### एचटेट परीक्षार्थियों को हुई परेशानी

*अलसुबह से हो रही बारिश ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों को मुश्किल में डाल दिया। परीक्षार्थियों को सड़कों पर जमा बरसाती पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। कई परीक्षार्थी भीगते हुए परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने पहुंचे।*

### चप्पल पहनकर निकले निगम आयुक्त


हिसार। हवाई चप्पल पहनकर जलभराव की स्थिति जानने निकले निगम आयुक्त नीरज।

**हिसार।** शहर में बारिश के कारण हुए जलभराव को देखते हुए निगम आयुक्त नीरज ने अधिकारियों के साथ शहर के कई क्षेत्रों का दौरा किया। इसके साथ-साथ निगम आयुक्त ने एसटीपी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बरसात के कारण लगभग पूरे शहर इस समय पानी भर गया है जिसको लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द पानी की निकासी करवाएं। इसके साथ ही सफाई शाखा को निर्देश दिया गया है कि पूरे शहर में जितनी भी जी टी लगी हुई है उनकी सफाई करें। उन्होंने बताया कि जब तक पूरे शहर से पानी की निकासी नहीं हो जाती तब तक नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के एसटीपी लगातार चलते रहेंगे जिसके पूरे प्रबंध कर लिए गए हैं।

#### इन क्षेत्रों का किया दौरा

*निगम आयुक्त नीरज ने अधिकारियों के साथ लक्ष्मीबाई चौक फव्वारा चौक, कैंप चौक, सेक्टर 16-17, अर्बन एस्टेट, तोशाम रोड डिस्पोजल, एसटीपी पब्लिक हेल्थ आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त ने नगर निगम की टेक्निकल शाखा के अधिकारियों से कहा कि सीएसआई राजकुमार और पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों के साथ फील्ड में रहकर पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध करें। जब तक पूरे शहर से पानी की निकासी नहीं होती वह लगातार कार्य करते रहेंगे। इस दौरान निगम आयुक्त नीरज ने टाउन पार्क के कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएमसी डॉ. प्रदीप हुड्डा, कार्यकारी अभियंता जयवीर डूडी, एमई अमित बेरवाल, एमई संदीप बैनीवाल, सीएसआई राजकुमार व यूनियन प्रधान आदि मौजूद थे।*

## पुलिस ने 3 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त सहित एक को दबोचा

**उकलाना मंडी।** नशीले पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई करते हुए उकलाना पुलिस ने एक व्यक्ति को डोडा पोस्त सहित काबू करने किया है। उप निरीक्षक दयाराम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान बुढ़ाखेड़ा गांव में जल घर के पास मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम सुशील निवासी बुढ़ाखेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से मोटरसाइकिल पर रखी पॉलिथीन की थैली से 3 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। बरामद नशीला पदार्थ और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी सुशील के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## एचटैट परीक्षा में धरे मुन्ना भाई, कइयों पर केस

- बिठमड़ा निवासी सरगना रामफल पर पहले भी दर्ज है इस तरह के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सदर पुलिस ने एचटैट परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने की तैयारी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस संबंध में फर्जी परीक्षार्थी बैठाकर परीक्षा दिलवाने वाले गिरोह के सरगना का भी पता लगाया है, जो उकलाना क्षेत्र के गांव बिठमड़ा निवासी रामफल है। रामफल पर पहले भी इस तरह परीक्षा दिलवाने के कई मामले दर्ज है। इस संबंध में सदर थाना को सूचना मिली थी कि दो दिन होने वाली एचटैट परीक्षा में काफी असल परिक्षार्थीयों की जगह दूसरे परिक्षार्थीयों को धोखाधडी से बैठाकर परीक्षा दिलवाने की संभावना है। ऐसे लोगों ने फर्जी तरीके से आधार कार्ड में नाम, पिता का नाम व पता तो असली परिक्षार्थीयों के दर्ज किये है लेकिन आधार कार्ड में फोटो परीक्षा में बैठने वाले फर्जी परीक्षार्थियों के है जो इस काम का सरगना बिठमड़ा निवासी रामफल है। रामफल इस तरह के कार्य करने की एवज में लाखों रुपये लेता है। रामफल ने अब भी रूपयो के बदले फर्जी परिक्षार्थी तैयार किये हुये है। पुलिस के अनुसार रामफल ने अब एचटैट परीक्षा के लिए बिठमड़ा निवासी सिकंदर की फर्जी तरीके से कागजात व फार्मों में हेरफेर करके कुरुक्षेत्र जिले के दिवाना निवासी सुखवीर को तथा दौलतपुर निवासी कलीराम द्वारा फर्जी तरीके से अपनी परीक्षा दिलवाने का पता चला है। पुलिस ने इस सूचना के बाद एयरपोर्ट मोड़ के पास दो लङकों को काबू किया, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम सिकंदर व सुखवीर बताया। आगे की जांच में दौलतपुर निवासी कलीराम ने बताया कि उसने अपनी पत्नी कृष्णा की परीक्षा 31 जुलाई को किसी और महिला से दिलवानी थी।

## महिला की हत्या बारे टिप्पणी पर एडवोकेट गिरफ्तार

- नारनौंद केस में जमानत मिली तो दूसरे केस में हिसार पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार/नारनौंद

नारनौंद क्षेत्र के गांव बुड़ाना में लगभग 6 माह पहले हुई महिला की हत्या मामले में टिप्पणी करने के मामले में नारनौंद पुलिस ने एडवोकेट रजत कलसन को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मृतक महिला के बेटे ने पुलिस को शिकायत दी थी।

नारनौंद पुलिस ने एडवोकेट रजत कलसन को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने उन्हें जमानत दे दी।


नारनौंद। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित रजत कल्सन।

बुडाला मामले में एडवोकेट रजत कलसन को हांसी अदालत में पेश किया गया, जहां से जमानत मिल गई। जमानत के तुरंत बाद हिसार पुलिस ने मारपीट व पुलिस से धक्का मुक्की मामले उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हिसार मामले में रजत कलसन को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। हांसी निवासी एडवोकेट रजत कल्सन ने पिछले दिनों हुए गांव बुडाना में नवंबर 2024 में हुए डबल मर्डर मामले में आरोपित पक्ष की एक वीडियो बनाकर उसमें पीड़ित पक्ष पर आरोप लगाए थे और पुलिस पर भी पैसे लेने के संगीन आरोप सरेआम लगा दिए गए थे। इस मामले से आहत होकर मृतक कृष्णा के बेटे बुडाना निवासी सुशील ने 29 जुलाई को रजत कल्सन के खिलाफ शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था। उसको नोटिस देने के लिए बुधवार की रात जब पुलिस हिसार में ऑटो मार्केट स्थित पहुंची तो उन्होंने पुलिस के साथ धक्का मुक्की की जिसमें सब इंस्पेक्टर रविकांत को चोट लगी। पुलिस ने उनको हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। नारनौंद थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि एडवोकेट रजत कल्सन को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसको बेल पर रिहा कर दिया गया। पुलिस टीम के साथ हुई धक्का मुक्की में एक पुलिस कर्मी घायल हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा। रजत कल्सन की गिरफ्तारी के बाद गांव बुडाना में ग्रामीणों द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया।

### निगम आज से चलाएगा पशु पकड़ने का स्पेशल अभियान

**हिसार।** शहर को पशु मुक्त बनाने के लिए स्पेशल अभियान चलाया जाएगा। निगम आयुक्त नीरज ने बताया कि इसके लिए नगर निगम ने पूरी तैयारी कर ली है यह अभियान एक अगस्त से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा जिसकी शुरुआत शुक्रवार को मेयर प्रवीण पोपली करेंगे। इस अवसर पर सभी वार्ड के पार्षद एवं जनप्रतिनिधि भी होंगे। उन्होंने बताया कि पशु पकड़ो अभियान के नोडल अधिकारी अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा होंगे और सुरेंद्र वर्मा को सहायक नोडल अधिकारी लगाया गया है। इसके अलावा नगर परिषद में कार्यकारी अधिकारी व नगर पालिकाओं में सचिव नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि पशु पकड़ो अभियान के लिए तीन कैटल कैचर गाड़ियां, एक टाटा योद्धा गाड़ी व एक बोलेरो गाड़ी प्रयोग में लाई जाएगी। पकड़े गए सभी पशुओं को गौशाला ढंढूर में स्थानांतरित किया जाएगा। पकड़े गए पशुओं की प्रतिदिन जिओ टैगिंग सहित फोटोग्राफ होगी। निगम आयुक्त ने बताया कि अभियान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल साथ होगा।



वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



## दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होता। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

## प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की मदद करते हो। पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे को बहुत प्यार के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

## फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

## जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

## कुट्टी की करो छुट्टी


वैसे तो दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।



बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन



बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रतन ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

## हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

अफ्रीका में पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे-बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब :** बुलबुल की किताब, **लेखक :** उपेंद्र किशोर रायचौधुरी, **मूल्य :** 100 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, दिल्ली

# फिर बने दोस्त

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।






कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए, सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'

माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तब मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।'

दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



एआई इमेज

## मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

## हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।

-आयुष, दुर्ग

## जीके क्विज-164

1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?




बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.आगे बाईं तरफ खड़े लड़के के बरमुडा/पैंट की लेंथ अधिक है। 2.आगे खड़ी लड़की की डुंगरी में पॉकेट बना हुआ है। 3.आगे खड़ी दूसरी लड़की के बाल खुले हुए हैं। 4.आगे बीच में खड़े लड़के की शर्ट बाहर है। 5.पीछे बाईं तरफ खड़ी लड़की का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 6.पीछे खड़ी दूसरी लड़की के हाथ में मोबाइल है। 7.आगे दाईं तरफ लड़के की व्हील-चेयर में आगे दो स्मॉल व्हील्स लगे हुए हैं।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



खबर संक्षेप


हिसार। युवा प्रदेश अध्यक्ष से मिलते कांग्रेस नेता।

## युवा टीम कांग्रेस के अध्यक्ष कटारिया को दी बधाई

**हिसार।** हिसार से युवा कांग्रेस टीम के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली पहुंचकर निशित कटारिया को हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति के लिए बधाई दी। इनमें हिसार के युवा शहरी जिलाध्यक्ष, ग्रामीण जिलाध्यक्ष, हलका अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष, और सहित सभी प्रमुख साथी उपस्थित रहे। हिसार के युवा नेताओं ने श्री कटारिया के प्रति अपार खुशी और एकजुटता व्यक्त करते हुए उनके समर्पण और नेतृत्व गुणों को स्वीकार किया। उन्होंने अपनी नई भूमिका के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और हरियाणा में युवा कांग्रेस को मजबूत करने तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन में अथक रूप से काम करने का संकल्प लिया।

## नौकरी का झांसा दे धोखाधड़ी करने पर तीन काबू

**हिसार।** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी के बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी कर चुके थे। उप निरीक्षक वेदप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में खरक पूनिया निवासी सुभाष चन्द्र ने बरवाला थाना में 10 जून शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार गांव का ही जयभगवान, जो बिजली निगम में एएलएम के पद पर कार्यरत है, ने तीन वर्ष पूर्व एसएससी एमटीएस भर्ती और अन्य नौकरियों में नियुक्ति दिलवाने का झांसा देकर लगभग 27 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की।

## गीता राम मेमोरियल की टीम ने पाया प्रथम स्थान

**बरवाला।** ढाणी खान बहादुर में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-17 खो-खो प्रतियोगिता में लगभग 18 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में श्री गीता राम मेमौरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतलोढा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त स्कूल की अंडर-14 गर्ल्स खो-खो टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 200 मीटर दौड़ में पूजा दुर्जनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 400 मीटर दौड़ में श्रुति खरकड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 800 मीटर दौड़ में श्रुति ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढाया।

## नारनौंद में दिनदहाड़े चोर ले उड़े सोना और चांदी

**नारनौंद।** शहर में चोरों के हौसले बड़े बुलंद हैं। आए दिन चोरी की वारदातों में बढ़ोतरी हो रही है। नारनौंद के वार्ड तीन में दिन दहाड़े ही दो अज्ञात चोर एक घर में घुसकर चांदी और सोने के गहने लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची चारों तरफ नाकेबंदी की लेकिन चोर भागने में कामयाब रहे। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय एकता व अखंडता की रक्षा, जागरण मंच का मौलिक दायित्वः डॉ कमल

## लुवास में राष्ट्रीय सुरक्षा में हमारा योगदान विषय पर गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविधालय में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की ओर सेगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय 'राष्ट्रीय सुरक्षा में हमारा योगदान' था। इसमें ऑपरेशन सिंदूर से ऑपरेशन महादेव तक और उसके आगे की यात्रा पर चर्चा भी हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सुरक्षा के लिए हमें अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना होगा। हमें किसी भी प्रकार के विभाजनकारी तत्वों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा और देश की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की संचालन समिति के सदस्य गोलोक बिहारी राय ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें अपने देश की सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। आंतरिक सुरक्षा, बाहरी सुरक्षा, समाज के मूल्यों और परंपराओं की सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंचका मुख्य कार्य है। हमें अपने देश के युवाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा केमहत्व के बारे में जागरूक करना होगा और उन्हें किसी भी प्रकार की


हिसार। गोष्ठी के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व संबोधित करते कुलपति प्रो. नरेश जिंदल। फोटो :हरिभूमि

चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करना होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजपाल ने अपने विचार में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें अपने देश के कानून और व्यवस्था को मजबूत करना होगा और किसी भी प्रकार के अपराध और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विक्रमादित्य ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें अपने मीडिया को भी जिम्मेदार और जवाबदेह बनाना होगा ताकि वह देश की सुरक्षा के लिए एक सकारात्मक भूमिका निभा सके। गोष्ठी के अध्यक्ष व लुवास कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें अपने देश की शिक्षा प्रणाली में भी सुधार करना होगा। उन्होंने मैथिली शरण गुप्त की कविता के माध्यम से स्वदेश के प्रति प्रेम भाव को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के युवाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना होगा और उन्हें किसी भी प्रकार की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करना होगा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति डॉ. विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें अपने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में भी राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ानी होगी। राष्ट्रप्रथम सदैव प्रथम की भावना को जागृत रखना है। जिला परिषद हिसार के चेयरमैन सोनू सिहाग ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें अपने देश के स्थानीय स्तर पर भी काम करना होगा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पूर्व कुलपति डॉ. राधेश्याम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें अपने देश की शिक्षा प्रणाली में भी सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के युवाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की हिसार चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राजेश धमीजा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का औपचारिक परिचय करवाकर उन सभी का स्वागत और अभिनंदन किया और आज की गोष्ठी के विषय की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा में हमारा योगदान विषय पर विचार व्यक्त करते हुए बतायाकि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म और हमारी कर्त्तव्यपरायणता है। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता राजेंद्र पंघाल ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और लुवास प्राध्यापकों और स्टाफ का इस कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय भक्ति भावना से युक्त यह मंच राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय जागृति, भारत की एकता, अखंडता, समानता और भाइचारे के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आज के समय अच्छे इंसान बनने की जरूरत है, इस बात की ओर इशारा किया और घर घर में सहजन के पौधे लगाने के लिए आह्वान किया।

## ओवरडोज से युवती की मौत मामले में तोड़फोड़ व रास्ता जाम मामले में कार्रवाई

# पुलिस का एक्शन : तोड़फोड़, लूट सहित पांच मामलों में 49 से अधिक पर किया केस दर्ज

### 25 को गिरफ्तार करके किया अदालत में पेश, तीन को लिया रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अंबेडकर बस्ती निवासी युवती की नशे से ओवरडोज से हुई मौत के बाद उसके परिजनों व कुछ अन्य लोगों द्वारा राजगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में की गई तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने 49 नामजद सहित कुछ अन्य पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने अलग अलग पांच केस दर्ज किए हैं, जिनमें दंगा, लूट, तोड़फोड़ व रोड जाम आदि के केस शामिल है। मामले में 25 लोगों को अदालत में पेश किया गया, जिनमें से तीन लोगों, संजय चौहान, बलबीर भल्ला व सोनू को दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया जबकि बाकी अन्य को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मामले के अनुसार नशे की ओवरडोज की वजह से अंबेडकर बस्ती निवासी युवती पूनम की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके परिजनों ने राजगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में तोड़फोड़ कर डाली, आईसीयू में घुसने का प्रयास किया। आरोप है कि उन्होंने वहां लूटपाट का प्रयास भी किया।

इसके बाद उन्होंने जिला नागरिक अस्पताल के सामने रास्ता जाम कर दिया, जिससे नागरिकों को आने—जाने में परेशानी हुई। इसी मामले में पुलिस ने 49 नामजद सहित कुछ अन्य पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सिविल लाइन थाना और सिटी थाना में पांच अलग-अलग केस दर्ज किए हैं जिसमें 49 लोगों को नामजद किया गया है। पहले पुलिस ने बवाल मचाने वाले 60 लोगों को हिरासत में लिया था, जिनमें से कुछ की गिरफ्तारी डालकर उन्हें अदालत में पेश कर दिया गया। इस मामले में मृतका पूनम का गुरुवार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कर दिया गया। युवती के बिसरा रिपोर्ट लैब भेजी गई है।

### एएसआई समेत दो पुलिस कर्मी घायल

*इससे पहले बुधवार को युवती की निजी अस्पताल में मौत पर जमकर हंगामा हुआ था। इसमें एएसआई समेत दो पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। परिजनों और रिश्तेदारों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की और आईसीयू में घुसने की कोशिश की थी। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल के अंदर पथराव भी किया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनके यहां युवती को लेकर परिजन इलाज के लिए लाए थे। अस्पताल के डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की उसे बचाया जा सके मगर पांच दिन बाद युवती ने 30 जुलाई को दम तोड़ दिया।*

### ओवरडोज से हुई युवती की मौत : पुलिस

*पुलिस रिकॉर्ड और डॉक्टरों की मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि लड़की की मौत ड्रग्स के ओवरडोज से हुई है। पुलिस का कहना है कि 24 जुलाई को पड़ाव चौकी पुलिस टीम ने विकास नगर क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान झुग्गी-झोपड़ी, नांगलोई (दिल्ली) के रहने वाले एक व्यक्ति राजा को काबू किया था। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 5.08 ग्राम चिट्टा मिला। इस संबंध में शहर थाना में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।*

### परिजनों पर 6 केस दर्ज

*पुलिस का कहना है कि युवती के परिजनों पर 6 केस दर्ज है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि मौत का कारण नशीला पदार्थ था। महिला के परिवारजनों ने उच्च जोखिम उपचार के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर लिखित में स्पष्ट किया गया कि वे इस मामले में कोई पुलिस कार्रवाई नहीं चाहते, गलती से नशीला पदार्थ खाया है। मृतका के परिवारजन पहले भी नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त में शामिल रहे हैं।*

### अस्पताल ने बिल भी कम किया

*निजी अस्पताल प्रशासन का कहना है कि युवती पांच दिन आईसीयू में रही। उनकी ओर से डेढ़ लाख का बिल बनाया गया था। परिजनों ने बिल ज्यादा होने की बात कही तो उनकी हालत को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने 60 हजार रुपए माफ भी कर दिए थे, मगर उसके बाद भी तोड़फोड़ की गई। जबकि हर दिन की रिपोर्ट परिजनों को दिखाई जाती थी। युवती की हालत में भी सुधार हो रहा था मगर बुधवार को युवती को ब्रेन हेमरेज हो गया। इसके कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों को कहा गया था कि उसकी हालत ठीक नहीं है उसे आप कहीं और भी ले जा सकते हो मगर परिजनों ने इलाज जारी रखने को कहा।*

### आरोपी ने किया युवती के नाम का खुलासा

*पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह नशीला पदार्थ अंबेडकर बस्ती, की रहने वाली पूनम से 12 हजार रुपए में खरीदा था। इस आधार पर पुलिस आरोपी महिला की गिरफ्तारी के लिए आरोपी राजा को साथ लेकर छापा मारा। छापे के दौरान आरोपी राजा ने एक महिला की तरफ इशारा किया कि वह पूनम है। इसी दौरान पुलिस को देख उस महिला ने अपने हाथ में ली हुई कोई चीज निगल ली, जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि यह लड़की पूनम नशीला पदार्थ बेचती है। इसने पुलिस को देख नशीला पदार्थ निगल लिया। पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए। उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई।*

### दो मामलों में इन 25 की हुई गिरफ्तारी

*सिविल लाइन थाना पुलिस ने अलग अलग दो मामलों में 25 लोगों को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। केस नंबर 238 में पुलिस ने बलबीर, मुकेश, राजेश, संदीप, मोहित, भीमसिंह, संदीप, संजय चौहान, सोनू, अभिषेक, संजय, कुलदीप, अजमेर, बलदेव व संदीप को गिरफ्तार किया गया है। दूसरे मामले केस नंबर 239 में पुलिस ने बंटी, विकास, दलबीर, सोनू, गन्नी, प्रदीप, ओमप्रकाश, रोहताश, विकास व धूपसिंह को गिरफ्तार किया है।*



## भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने शहीद उधम सिंह को याद किया

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस पर उन्हें याद किया। समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा की अध्यक्षता में समिति सदस्यों ने ग्रीन स्केयर मार्केट स्थित शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में समिति के संस्थापक योगेंद्र शर्मा, पार्षद गगन शर्मा, पूर्व पार्षद सुशील शर्मा, जिला भाजपा सचिव पिंकी शर्मा, अशोक चोपड़ा, मास्टर राजकुमार, सत्यपाल शर्मा, बनी सिंह जांगड़ा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र कालरा, विकास गौड़ आदि शामिल रहे।


हिसार। शहीद उद्यम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते पदाधिकारी।

## स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे शहीद उद्यम सिंह : महेन्द्र पाल यादव

**हिसार।** भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं क्रांतिकारी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गर्वनर जनरल रहे माइकल ओ ड्वायर को लन्दन में जाकर गोली मारी थी। यह बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र पाल यादव ने शहीद उद्यम सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उद्यम सिंह ने माइकल ओ डायर पर गोलियां दाग दीं। दो गोलियां माइकल ओ डायर को लगीं जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। उद्यम सिंह ने वहां से भागने की कोशिश नहीं की और अपनी गिरफ्तारी दे दी। उन पर मुकदमा चला। 4 जून 1940 को उधम सिंह को हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई। इस अवसर पर रणबीर सांगवान, सुरजभान बामला, बिजेन्द्र कोट, जसबीर फौजी, धर्मपाल ग्रेवाल, रामअवतार गुप्ता, चतर जीता खेड़ी, सुभाष बामला, रामपाल यादव, प्रकाश धनाना, जंगबीर भैणी, सुरेश किराड़ आदि उपस्थित रहे।

# जलभराव में युवा कांग्रेसी लाए किश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आज हुई थोड़ी सी बारिश ने ही हिसार की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर के सभी इलाकों में पानी भर गया, जिससे न सिर्फ़ आम लोगों की आवाजाही बाधित हुई बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई। युवा कांग्रेस अध्यक्ष भारत सोनी ने अपने साथियों के साथ कई क्षेत्रों में मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जलभराव से जूझ रहे लोगों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि हिसार जैसे बड़े शहर में बार-बार जलभराव की स्थिति प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती है। जनता परेशान है और सवाल कर रही है आख़िर ये हालात कब सुधरेंगे ? तस्वीर में बच्चे पानी से भरी सड़क पर एक रबड़ की नाव में बैठे हैं—ये दृश्य शहर की व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है। जन स्वास्थ्य विभाग समय पर नालों की सफाई करवा देता, तो आज यह नौबत ही न आती।


हिसार। ऑटो मार्केट के पास सड़क पर जलभराव में किश्ती के साथ युवा कांग्रेस अध्यक्ष भारत सोनी अपने साथियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

इस मौके पर उनके साथ युवा कार्यकर्ता कालिया कसाना, सोनी रावत, रिंकू चौहान, साहिल गुज्जर, विपुल मित्तल, यमन सैनी, प्रिंस कुकडेजा, मनीष गुज्जर, दीप गोदारा और दिनेश जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

# शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने हर्षोल्लास के साथ मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने शहीद उधम सिंह शूरवीर बहादुर की 125वीं जयंती श्रद्धाभाव से उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके बजरंग आश्रम में मनाई गई। कार्यक्रम में अजय भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर अजय भारद्वाज ने कहा कि इस शूरवीर ने जलियांवाला बाग के निहत्थे भारतवासियों को जनरल डायर द्वारा गोलियों से मारने का बदला इंग्लैंड में जनरल डायर को गोली मारकर लिया। किशोरी नागपाल ने कहा कि सरकार को शहीदों की जयंती पर कार्यालयों व स्कूलों की छुट्टी नही करनी चाहिए बल्कि उनकी जयन्तियों को श्रद्धा भाव से मनाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी इन शहीदों से प्रेरणा ले सके और उनमें भी देशभक्ति की भावना पैदा हो। सरदार हरिन्द्र पाल ने कहा कि आज लोगों ने शहीदों को भी जात-पात में बांट दिया है जबकि शहीद किसी एक जाति नही होते बल्कि देश की धरोहर होते है। इस अवसर पर कमल किशोर शास्त्री, रामस्वरूप खट्टर, हमेश खुराना, किशोरी नागपाल, हंसराज खेत्रपाल, राजकुमार जेई, हरीश पपनेजा, राजकुमार अरोड़ा, जगन्नाथ चोपड़ा, शमशेर सिंह, संजय मुंजाल, सन्नी नायक आदि उपस्थित थे।


हांसी। शहीद उद्यम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य।

# मनोहर मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. हेमंत आहुजा का इस्तीफा

**हिसार।** मनोहर मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. हेमंत आहुजा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह निर्णय निजी कारणों का हवाला देते हुए लिया। अपने त्यागपत्र में डॉ. हेमंत आहूजा ने लिखा कि कुछ व्यक्तिगत परिस्थितियों के चलते वे अपनी जिम्मेदारियां आगे नहीं निभा पाएंगे। उन्होंने मनोहर मोर्चा संस्था के नेतृत्व और वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें संगठन की सेवा का अवसर मिला, इसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी वे मनोहर मोर्चा संस्था के उद्देश्यों और मूल्यों का सम्मान करते हुए संस्था का समर्थन करते रहेंगे। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि डॉ. हेमंत आहुजा ने यह इस्तीफा लगभगग एक महीने पहले 29 जून को ही मनोहर मोर्चा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष ढींगड़ा को भेजा था। मगर इतने लंबे समय के बाद भी संस्था की ओर से इस पर कोई औपचारिक कार्रवाई या सार्वजनिक घोषणा नहीं की गई है। संस्था की इस चुप्पी को लेकर न सिर्फ कार्यकर्ताओं के बीच बल्कि राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा हो रही है कि आखिर इस विषय पर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण क्यों नहीं आया।



कार्यक्रम | पुलिस की नौकरी सेवा और समर्पण का भाव : एसपी

# सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला पुलिस हांसी में कार्यरत पुलिस इंस्पेक्टर सत्यवान गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। इंस्पेक्टर सत्यवान की सेवानिवृत्ति पर पुलिस विभाग की ओर से कार्यालय पुलिस अधीक्षक के कंट्रोल रूम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी अमित यशवर्धन ने कहा कि पुलिस की नौकरी सेवा और समर्पण का भाव है, और पुलिस की नौकरी के दौरान अक्सर अपनी इच्छओं का त्याग करना पड़ता है। प्रत्येक पर्व पर सभी लोग अपने परिवार की खुशियों में शामिल होते हैं लेकिन पुलिस विभाग में अधिकारी व कर्मचारी जनता की सुरक्षा के लिए आमजन को खुशियों मनाते देख उन्हें अपना परिवार मानकर खुशी महसूस करते हैं। उन्होने कहा कि आज पुलिस जिला से सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मचारी ने अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष पुलिस विभाग की सेवा में बिताकर समाज सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी जन सेवा का बेहतरीन माध्यम है। उन्होने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी सेवा सुरक्षा सहयोग की भावना से देश की जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है। पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस से सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मचारियों इंस्पेक्टर सत्यवान को पुलिस विभाग की और से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे इंस्पेक्टर सत्यवान से कहा कि जिस तरह आपने पुलिस में रहकर बेहतर कार्य किया है उसी तरह आगे के जीवन में भी अपने आप को कार्यशील रखें और समाज हित के कार्यों में भाग लें। उन्होंने कहा की पुलिस की नौकरी के दौरान अक्सर पुलिस कर्मी घर से दूर रहते है और विभिन्न परिस्थितियों में नौकरी करने का अवसर मिलता है। इस दौरान सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी ने भी अपनी नौकरी के अनुभवों को सांझा किया।


हांसी। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर सत्यवान पुलिस अधिकारी व पारिवारिक सदस्यों के साथ।

### चंद घंटों की बरसात से हांसी हुआ जलमग्न, हर तरफ नजर आया पानी ही पानी

# करोड़ों खर्च के बाद भी हांसी को नहीं मिल पा रही जल भराव से निजात

## बरसात से शहर की अधिकांश कालोनियां हुई जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी


हांसी। हाजी सराय रोड़ पर पानी के बीच से गुजरता ट्रैक्टर।


हांसी। बजरंग आश्रम रोड पर पानी के बीच से गुजरता कार चालक।


हांसी। बरसात के बाद अंबेडकर चौक पर जमा बरसाती पानी।


हांसी। बरसात के बाद श्री काली देवी मंदिर रोड़ पर भरा पानी।

लंबे अरसे के बाद हांसी उपमंडल में बुधवार शाम और गुरुवार सुबह साढ़े पांच से 9 बजे तक करीब साढ़े तीन घंटे तक बादल जमकर बरसे। दो दिन की बरसात से जहां शहरवासियों को गर्मी ओर उमस से राहत मिली लेकिन शहर में हुए जलभराव ने उनकी दिक्कतों को बढा दिया। वहीं बरसात नहीं होने से सुख रही फसलों विशेष कर जीरी की फसल को अच्छा खासा फायदा होगा।

उधर दो दिन की बरसात ने शहर में बरसाती पानी की निकासी के लिए खर्च किए गए करोड़ों रुपए के दावों की पोल कर रख दी। बरसात के बाद शहर के अधिकांश हिस्सों मे पानी भर जाने के चलते शहर में बाढ जैसे हालात नजर आए। और बरसात के बाद एक बार फिर शहर की करीब दो दर्जन से अधिक बस्तियों समेत माडल टाऊन व यति नगर जैसी पॉश कालोनियों के घरों व पुरानी सब्जी मंडी रोड़ के समीप निचली बस्तियों के घरों व दुकानों में पानी घुस गया जिससे घरों व दुकानों में जमीन पर रखा सामान खराब हो गया। वहीं सुबह बरसात और जलभराव के चलते अभिभावकों को बच्चों को स्कूल पहुंचाने में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ा।

सफाई व पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने के चलते पुरा शहर जलमग्न नजर आया। जिसके चलते शहर में दोपहिया वाहन चालक को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर बाद हुई बरसात के बाद प्रशासन के बरसाती पानी निकासी के दावों व तैयारियों की उस वक्त हवा निकल गई जब शहर में दो दिन हुई करीब 5 घंटे की बारिश के बाद शहर में हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। शहरवासियों का कहना था कि जनस्वास्थ्य विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों की नकारा कार्यप्रणाली के चलते शहर में हर बरसात के बाद बाढ जैसे हालत हो जाते हैं। प्रशासन द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिये अभी तक कोई प्रयास नही किये गये हैं। वहीं भारी बारिश व बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था नही किये जाने पर कई कालोनियों में सीवरों के बैक मारने के कारण घरों मे गंदा पानी घुस गया। वहीं शहर में सड़कों व गड्ढों में बरसाती पानी जमा हो जाने के कारण कई दुपहिया व अन्य वाहन बंद हो गए जिसके चलते चालकों को अपने वाहनों को धक्का लगाकर ले जाना पड़ा।

### बस स्टेंड पर जमा हुआ डेढ फुट पानी

बरसात के बाद बस स्टैंड पर पानी निकासी की व्यवस्था ठप होने के कारण बस स्टैंड परिसर में करीब डेढ़ फुट पानी जमा हो गया। बस स्टैंड परिसर में पानी जमा होने के कारण यात्री बस स्टैंड पर बने बूथों तक नहीं पहुंच पाए। जिसके चलते बस चालकों को बसें बूथों पर लगाने की बजाए बस स्टैंड गेट के बाहर शहर के अंदर से गुजरने वाले राजमार्ग पर ही खड़ा कर यात्रियों को बैठाना पड़ा। सड़क पर बसों के खड़े होने के चलते बस स्टैंड के सामने सारा दिन जाम की स्थिति बनी रही।

### यहां रहा जलभराव

शहर में महिला महाविद्यालय रोड़, अंबेडकर चौक, पुरानी ऑटो मार्केट, हिसार चुंगी, वकील कालोनी, आर्य नगर, विकास नगर, रुपनगर कालोनी, चारकुतुब गेट, हाजी सराय रोड़, उमरा गेट, चारकुतुब गेट, बजरंग आश्रम रोड, भगत सिंह रोड़, श्याम बाबा मंदिर रोड, जगदीश कॉलोनी, मुल्तान कालोनी, इंद्रा कालोनी, यति नगर, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, मॉडल टाउन, श्री काली मंदिर रोड़ सहित 2 दर्जन से अधिक कालोनियों में जलभराव की स्थिति बनी रही। शहरवासियों का कहना है कि वर्षों से मामूली बरसात के बाद सारा दिन शहर में जलभराव के स्थिति बनी रहती है।

### बरसात से किसानों के खिले चेहरे

हांसी उपमंडल क्षेत्र में करीब 15 दिन बाद लगातार दो दिन हुई बरसात जहां शहरवासियों के लिए आफत लेकर आई वहीं बरसात की बाट जोह रहे किसानों के चेहरों पर इस बरसात ने रौनक ला दी। क्यों कि बरसात की कमी के चलते किसानों की धान, कपास व सब्जियों की फसलों को पानी की दरकार थी वहीं जीरी की फसल को बचाने के लिए किसानों को लगातार अपने खेतों में ट्यूबवेल चलाना पड़ रहा था। बुधवार शाम को हुई बरसात से जहां फसलों को फायदा होगा वहीं बरसात से किसानों को भी राहत मिली है।

## बाजरा की फसल पर सुंडी का प्रकोप, किसानों में चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिले के बरवाला क्षेत्र के गांवों धांसू, राजली आदि में इन दिनों किसानों की बाजरे की फसल पर सुंडी का जबरदस्त हमला देखने को मिल रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि किसान बार-बार कीटनाशकों का छिड़काव करने के बावजूद भी इस कीट पर नियंत्रण नहीं पा रहे। किसानों को फसल पूरी तरह से खराब होने का डर सताने लगा है।

गांव के किसान रमेश, सुरेश, राजेश, विनोद व अन्य किसानों ने बताया कि इस बार समय पर मानसून आने के कारण उन्होंने बड़े उत्साह से बाजरे की बिजाई की थी। अच्छी बारिश और मौसम का साथ मिलने से उन्हें उम्मीद थी कि इस बार उनकी फसल लहलहा उठेगी और उन्हें अच्छा उत्पादन मिलेगा। अचानक से बाजरे की फसल में सुंडी का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

किसानों का कहना है कि उन्होंने अब तक तीन से चार बार फसल पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर लिया है, लेकिन फिर भी सुंडी का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा। बाजरे की बालियों पर दर्जनों सुंडियां देखी जा रही हैं जो धीरे-धीरे पूरी फसल को चट कर रही हैं। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो फसल पूरी तरह से बर्बाद हो सकती है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग से अपील की है कि वे जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालें और उन्हें तकनीकी सहायता प्रदान करें, ताकि उनकी फसल को बचाया जा सके।

## दो भाइयों पर हमला कर छीना सामान, अस्पताल में भर्ती

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित उमेद विहार कॉलोनी निवासी दो भाइयों पर हमला करके लूटपाट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि 4 से 5 युवकों ने 19 वर्षीय अनमोल की पेंट की जेब से फोन और सामान निकालने लगे। इस दौरान हमलावरों ने 19 वर्षीय अनमोल के कमर में छुरी से हमला कर दिया और मौके से भाग गए। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम पहुंची। परिजनों ने घायल अनमोल को हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। नागरिक अस्पताल में घायल अनमोल ने बताया कि वह आईटीआई मे पढ़ता है। वह अपने भाई साहिल के साथ पार्षद गुलाब के ऑफिस में गया था। बुधवार रात 9.30 बजे भाई के साथ में पैदल अपने घर उमेद विहार कॉलोनी जा रहा था। जब गली नंबर 3 के पास पहुंचे तो 4-5 युवक वहां आए और पीछे से उसे पकड़ लिया। हमलावर उसके हाथ से फोन छिनने लगे जब उनको फोन नहीं दिया तो एक हमलावर ने उसकी कमर पर छुरी से हमला कर दिया।

### खबर संक्षेप

#### परचून की दुकान से चोरी के मामले में आरोपी काबू

**आदमपुर।** पुलिस ने परचून की दुकान से सामान और नकदी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसआई दलबीर सिंह ने बताया कि मंडी आदमपुर निवासी कृष्ण कुमार ने शिकायत दी थी कि उसकी दड़ौली रोड स्थित परचून की दुकान से चोरी हुई है। शिकायतकर्ता के अनुसार गत 27 जुलाई को जब वह सुबह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का सामान बिखरा हुआ था, और 5 कट्टे गेहूं, खाने-पीने का सामान तथा नकदी गायब मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए मंडी आदमपुर निवासी सावन को इस चोरी के मामले में काबू कर लिया।

#### सट्टा खाईवाल करते एक काबू 31 हजार से अधिक बरामद

**हांसी।** सीआईए स्टाफ टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक मुल्तान कालोनी निवासी सोनू को 31 हजार 300 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात एएसआई रविन्द्र कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि कुन्दनापुर रोड़ पर एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम का गठन कर, टीम ने मौके पर जाकर बताए गए हुलिए के अनुसार मुल्तान कालोनी निवासी सोनू को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 31 हजार 300 रुपए व सट्टा पर्ची बरामद हुई। उसे गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अफवाह फ़ैलाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- हांसी की गोकुलधाम सेक्टर-1 को अनअप्रूव्ड कालोनी बता कर फैलाई जा रही थी अफवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

थाना साइबर अपराध हांसी में फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर गोकुलधाम सेक्टर-1 के बारे में अफवाह फैलाने को लेकर मामला दर्ज किया गया। मामला हिसार के सेक्टर 13 निवासी कुलबीर अहलावत की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी गई शिकायत कुलबीर ने बताया कि वह मकान हिसार के सेक्टर 13 का स्थाई निवासी हूं और कुलप्रताप इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स का निदेशक हूं। कुलप्रताप इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स की मां भगवती एसोसिएट्स में हिस्सेदारी है। हमने गोकुल धाम सेक्टर-1 के नाम से हांसी में एक रिहायशी कॉलोनी काटी हुई है। यह कॉलोनी हरियाणा रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी पंचकुला से रजिस्टर्ड है।

इस कॉलोनी के बारे मे नामपता नामालूम व्यक्ति ने फेक फेसबुक खाता शहर हांसी के नाम से बनाकर बदनाम किया जा रहा है तथा गोकुल धाम कालोनी बारे गलत अफवाह फैलाई जा रही है। इस फेसबुक खाता में एआई से बनाई विडियो के माध्यम से गोकुल धाम कालोनी को अवैध बताकर झुठी अफवाह फैला रहा है।

जिससे हमारी कालोनी में प्लाट मालिको मे डर का माहौल है और हमारे पास इस बारे मे बहुत फोन काल आ रहे है। इस अफवाह भरी विडियो से हमारे को आर्थिक व सामाजिक नुकसान हो रहा है।

इस वजह से हमारे ब्रांड गोकुल धाम की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंच रही है। इस नामपता नामालूम व्यक्ति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए फेसबुक से विडियो को डिलिट करवाया जावे।

### संदलाना में विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**नारनौंद।** गांव संदलाना में एक विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने महिला की शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया। गांव संदलाना निवासी सुनील की शादी कैथल जिले के गांव जखोली निवासी 24 वर्षीय ऋतु के साथ हुई थी। शादी के बाद उनकी गृहस्थी सही चल रही थी। दो बच्चे भी हैं। सुनील गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में काम करता है। रितु पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान रहती थी। बुधवार को उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतका के पिता सुरेश के बयान पर इतफाकिया कार्रवाई करके मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा के परिजनों को सौंप दिया।

## मालेगांव मामले में अदालत का निर्णय सच्चाई की जीत : सुरेश गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


सुरेश गोयल धूपवाला।

भाजपा नेता सुरेश गोयल धूपवाला ने कहा है विशेष एनआईए अदालत द्वारा मालेगांव बम धमाका मामले में पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों को बरी किया जाना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और भावनात्मक निर्णय है। यह निर्णय न केवल इन निर्दोषों के लिए न्याय की बहाली है, बल्कि उस झूठे नैरेटिव के भी अंत का संकेत है, जिसे तथाकथित भगवां आतंकवाद कहकर प्रचारित किया गया। सुरेश गोयल ने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने माना कि जांच प्रक्रिया में गंभीर त्रुटिया, तोड़-मरोड़ और पूर्वाग्रह की बू स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। यह न्यायिक टिप्पणी अत्यंत गंभीर है, जो दर्शाती है कि राजनीतिक या वैचारिक कारणों से जांच एजेंसियां किस हद तक जाकर किसी निर्दोष को अपराधी साबित करने का प्रयास कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला उन तमाम निर्दोष नागरिकों के दर्द की भी गवाही देता है, जिन्हें बिना किसी दोष के वर्षों तक यातनाएं झेलनी पड़ीं, अपमान सहना पड़ा, सामाजिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। क्या यह देश की न्याय व्यवस्था के लिए एक चेतावनी नहीं है कि कोई भी व्यक्ति सिर्फ उसके धर्म या विचारधारा के आधार पर आतंकवादी करार न दे दिया जाए? उन्होंने कहा की अब समय आ गया है कि जो अधिकारी और जिम्मेदार लोग इस फर्जीवाड़े के लिए उत्तरदायी हैं, उन्हें कानून के कठघरे में लाया जाए। सच्चे लोकतंत्र में दोषियों को सजा और निर्दोषों को सम्मान मिलना ही न्याय कहलाता है। मालेगांव केस का यह फैसला न्यायिक प्रणाली की आत्मा में विश्वास को और दृढ़ करता है।

## फर्जी पंजीकरण के मामले में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

फर्जी दस्तावेजों और वाहनों के पंजीकरण में धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की जांच करते हुए पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने फर्जी पुनः पंजीकरण के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी उप निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि इस संबंध में बरवाला थाना में एसडीएम कार्यालय बरवाला से फर्जी तरीके से वाहन का पुनः पंजीकरण कराए जाने की शिकायत की गई थी। इस पर 22 जनवरी 2022 को केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि वाहन पंजीकरण संख्या एचआर02एएस-3198) को पहले ही एमएच47सी-7277 और एमएच12एनवी-2614 के नाम पर पंजीकृत किया गया था। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इस वाहन का बरवाला एसडीएम कार्यालय में दोबारा रजिस्ट्रेशन कराया गया था।

जांच के दौरान इस फर्जीवाड़े में संलिप्त पाए गए तत्कालीन एमआसी प्रवीण तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अतुल, दोनों निवासी उचाना को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फर्जी रजिस्ट्रेशन मामले में उक्त दोनों की संलिप्तता पाई गई। इस मामले में दो आरोपियों को पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

## होली चाइल्ड स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया दम, हरियाणा को दिलाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


हिसार। छात्राऐं रिया और तमन्ना प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल और खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद के साथ।

हिसार की दो होनहार छात्राओं रिया और तमन्ना ने एक बार फिर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। हाल ही में चेन्नई में आयोजित 21वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल टूर्नामेंट में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए इन दोनों खिलाड़ियों ने हरियाणा को प्रथम स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

दोनों खिलाड़ी होली चाईल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं हैं। इनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास और समर्पण का परिणाम है।

प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बराबर महत्व दिया जाता है। यही कारण है कि हमारे खिलाड़ी हर मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद ने बताया कि फाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ की टीम को हरा कर हरियाणा की टीम ने गोल्ड मैडल हासिल किया।

## केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने जनहित में अनेक योजनाएं लागू कर हर वर्ग को दिया फायदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आदमपुर

भाजपा युवा नेता एवं प्रदेश भूमि जल संरक्षण विभाग के सह प्रमुख राजन ग्रोवर ने कहा है कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार ने जनहित की अनेक योजनाएं लागू की है जिससे समाज के हर वर्ग को भारी फायदा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि गरीबों को मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज तथा किसानों को सहायता, गरीबो को प्लॉट व मकान मिल रहे है।

राजन ग्रोवर ने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने सीईटी पेपर में युवाओं को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई तथा प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के मेरिट के आधार पर रोजगार दे रही है। उन्होंने कहा कि तीज उत्सव पर मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्रदेश में लाडो सखी सहित अनेक योजनाएं शुरू की गई है, खासकर लाडो सखी योजना महिलाओं को सम्मान देने व लिंगानुपात में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इसके तहत प्रदेश में गर्भवती बहनों की देखभाल के लिए लाडो सखियों को लगाया जाएगा।

लाडो सखी योजना के तहत हर लाडो सखी को एक हज़ार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत आंगनवाड़ी को नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिए बढ़ते कदम डिजिटल वॉल कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा भी की गई है। यह कार्यक्रम नन्हे बच्चों की देखभाल और शिक्षा में मदद करेगा।

## परिवार सोता रहा, चोर चुरा ले गए लाखों की नगदी

- पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से फुटेज ली और जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला


गरवाला। चोरी करने वालों की सीसीटीवी की फुटेज। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के गांव बनभौरी में परिवार घर मे सोता रहा और अज्ञात चोर लाखों की नगदी व सोने चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। पुलिस जांच में लगी हुई है।

गांव बनभौरी निवासी तुषार ने पुलिस दी शिकायत में बताया कि बीती रात उनके परिवार के सदस्य अलग अलग कमरों में सोए हुए थे। अज्ञात चोर पड़ोसी की छत से हमारे घर की छत पर आ कर सीढियों से नीचे आकर कमरे का ताला तोड़ कर अलमारी में रखी लाखों की नगदी व लगभग 25 लाख की कीमत के सोने चांदी के जेवर ले कर फरार हो गए। पीड़ति तुषार ने बताया कि रात 2:30 बजे वे वॉशरूम के लिए उठे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। उन्होंने तुरंत ही 112 डायल कर सारे मामले की जानकारी दी। दस से पंद्रह मिनट में पुलिस कर्मी पहुंच गए। उन्होंने तुषार से चोरी की घटना की जानकारी जुटाई व पुलिस अधिकारियों को पूरी घटना से अवगत करवाया। इसके उपरांत पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स को बुलाया व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज ली। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली है। चोरी के मामले की छानबीन कर रही है।

इसके अलावा गांव में हुई अन्य चोरी की घटना को लेकर गांव वासी पुलिस अधीक्षक से मिलेंगे। चोरी की घटना को लेकर वैदिक भूमि हरियाणा के संस्थापक, अनेकों धार्मिक संस्थाओं से जुड़े प्रमुख समाजसेवी सुरेंद्र कौशिक ने दुःख जताते हुए पीड़ति परिवार से सम्पर्क किया व पूरा आश्वासन दिया कि उनकी हर संभव सहायता के लिए तैयार है।

### हिसार लोकसभा क्षेत्र में भी प्रज्जवलित किए जाएंगे 1008 कुंड

## यज्ञ दिवस पर प्रज्जवलित होंगे 50 हजार से ज्यादा कुंड

- 17 सितम्बर को यज्ञ दिवस घोषित करने की मांग पर जिला उपायुक्तों को सौंपे जाएंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट हरिओम जी महाराज।

चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट त्रिपुरा पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 श्री हरिओम जी महाराज के सानिध्य में मोक्ष दायिनी माँ गंगा धाम ट्रस्ट की ओर से लगातार तीसरे वर्ष 17 सितम्बर को यज्ञ दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस वर्ष यज्ञ दिवस आयोजन का स्वरूप बहुत व्यापक होगा। आगामी 17 सितम्बर को गुरुदेव भगवान के शिष्यों, पर्यावरण प्रेमियों व अन्य श्रद्धालुओं द्वारा भारत व अन्य देशों सहित दुनियाभर में 50 हजार से ज्यादा कुंड प्रज्जवलित किए जाएंगे।

ट्रस्ट के प्रचार मंत्री ज्योति प्रकाश कौशिक ने बताया कि 17 सितम्बर को यज्ञ दिवस के अवसर पर हिसार लोकसभा क्षेत्र में भी 1008 कुंड प्रज्जवलित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हरिओम जी महाराज ने जनकल्याण व पर्यावरण कि रक्षा के उद्देश्य से अपना पूरा जीवन यज्ञ के लिए आहूत किया है। जेपी ने बताया कि श्री हरिओम जी महाराज अभी तक भारत के विभिन्न राज्यों में 108 से लेकर 1008 कुण्डीय तक के 102 महायज्ञ पूर्ण कर चुके हैं और उनका प्रण 108 महायज्ञ पूर्ण करने का है। इसीलिए समाज की ओर से उन्हें चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट की उपाधि दी गयी है। इसके अलावा पिछले तीन वर्षों से हरिओम जी महाराज के द्वारा 17 सितम्बर को वैश्विक तौर पर यज्ञ दिवस मनाए जाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अगस्त माह में हरिओम जी महाराज के शिष्यों व पर्यावरण प्रेमियों की ओर से देशभर में अलग-अलग जिलों में जिला उपायुक्तओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर केंद्र सरकार से आधिकारिक तौर पर 17 सितम्बर को राष्ट्रीय यज्ञ दिवस घोषित करने कि मांग की जाएगी।